दिनांक : 30.09.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज जैतारण के दौरे पर हैं। वे सेवा पखवाड़ा के तहत लगाये गये शहरी और ग्रामीण सेवा शिविरों का जायज़ा ले रहे हैं। इस दौरान वे 362 करोड़ रुपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। श्री शर्मा जनसभा को भी संबोधित करने का कार्यक्रम है। वहीं प्रदेशभर में सेवा पर्व को लेकर कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इनके माध्यम से लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है।

000

प्रदेश में कल से समाज कल्याण सप्ताह आयोजित किया जाएगा। 7 अक्टूबर तक चलने वाले इस सप्ताह के दौरान सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग की ओर से कई कार्यक्रम होंगे। कल पहले दिन अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर बुजुर्गों का सम्मान, उनके अधिकारों की प्रति चेतना जागृत करने के लिए कार्यक्रम रखे गये हैं। इसके साथ ही चिकित्सा शिविर भी लगाये जाएंगे। इस अवसर पर वृद्धाश्रम में वरिष्ठ नागरिकों को जरूरी वस्तुएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

000

जीएसटी बचत उत्सव के दौरान समाज के सभी वर्गों को कर सुधारों की जानकारी दी जा रही है। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। ये सुधार विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम करके नागरिकों को काफी राहत प्रदान कर रहे हैं।

सरकार ने सीमेंट, मार्बल और ग्रेनाइट सहित निर्माण सामग्री पर जीएसटी कम करके आम आदमी का बोझ कम करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मार्बल और ग्रेनाइट पर कर की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। इससे निर्माण लागत में काफी कमी आएगी। इसी तरह, सीमेंट पर जीएसटी भी पहले के 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं ईंटों के निर्माण के लिए जॉब वर्क पर कर को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। इससे निर्माण लागत कम होने के साथ ही संबद्ध क्षेत्र में रोजगार भी सृजित होंगे।

000

जयपुर में निजी आवासों की छतों पर सब्जियों की खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'स्मार्ट सिटी रूफ टॉप फार्मिंग परियोजना' शुरू की गई है। दुर्गापुरा स्थित अंतरराष्ट्रीय उद्यानिकी नवाचार और प्रशिक्षण संस्थान की ओर से शुरू की गई इस परियोजना में रूफ टॉप यूनिट निर्माण की कुल अनुमानित लागत 53 हजार 619 रूपये है। इसमें से 70 प्रतिशत राशि अनुदान के रूप में सरकार द्वारा वहन की जाएगी जबकि शेष 30 प्रतिशत लाभार्थी को खुद वहन करनी होगी। इसके लिए जयपुर नगर निगम क्षेत्र के निजी आवासीय भवनों के स्वामी आवेदन कर सकते हैं। वाणिज्यिक प्रतिष्ठान, संस्थान या अन्य गैर–आवासीय भवन इस योजना के पात्र नहीं होंगे। आवेदन 31 अक्टूबर तक किये जा सकते हैं।

000

दुर्गाष्टमी का पर्व आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। लोग घरों और देवी मंदिरों में मां महागौरी की आराधना कर सुख, समृद्धि की कामना कर रहे हैं। वहीं कई स्थानों पर कन्या पूजन भी किया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में श्रृद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। कई स्थानों पर मेले भर रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुर्गाष्टमी पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कामना की है कि ये पावन अवसर सभी के जवीन में सुख, शांति और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी दुर्गाष्टमी पर मां गौरी से सभी की खुशहाली और समृद्धि की प्रार्थना की है।

000

बुराई पर अच्छाई की विजय का पर्व विजयादशमी गुरुवार को मनाया जाएगा। प्रदेशभर में दशहरा की रंगत नजर आने लगी है। जगह–जगह रावण और कुंभकरण के पुतले बिकने के लिए सज गए हैं। जयपुर के मानसरोवर में सबसे बड़ी रावण मंडी लगी है, जहां दो सौ से तीन सौ खानाबदोश परिवार पिछले दो माह से पुतले बनाने में जुटे हैं। कारीगरों को इस बार दशहरे से अच्छी कमाई की उम्मीद है। मंडी में रावण के पुतले दो सौ रुपए से लेकर एक लाख रुपए तक की कीमत में उपलब्ध हैं। वहीं जगह–जगह दशहरे पर भरने वाले मेले की तैयारियां जोरों पर हैं।

000

आईसीसी महिला वनडे विश्व कप 2025 आज से शुरू हो रहा है। भारत और श्रीलंका की मेजबानी में हो रही इस प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान सहित आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं। पहला मैच आज भारत और श्रीलंका के बीच गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम में खेला जाएगा। ये मैच दोपहर 3 बजे से शुरू होगा।

000